EXAM DATE- 11/02/2024

जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक ना खोलें।

2023

सीरीज़

A

कोड : BATISTUTA - 02

विषय : सामान्य हिन्दी

# RO/ARO Pre. 2024

Question Booklet No.
प्रश्न–पुस्तिका संख्या

3437113

समय : 1 घण्टे

पूर्णांक : 60

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें — अंकों में → | शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

अभ्यर्थी उत्तर–पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

आपको अपने सभी उत्तर **केवल उत्तर–पत्रक** पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत **उत्तर–पत्रक की मूल प्रति निरीक्षक** को सौंप दें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक प्रश्न–पुस्तिका के अंदर रखी है।
2. उत्तर–पत्रक पर अभ्यर्थी अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड अंकित करें अन्यथा उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
3. **इस प्रश्न–पुस्तिका में 60 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर–पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल–प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें।**
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न–पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए प्रश्न–पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें।
5. प्रश्न–पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका/ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पेज भली–भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न–पुस्तिका/ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी प्रश्न–पुस्तिका/ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक प्राप्त कर लें।
6. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**
   **उत्तर–पत्रक में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।
   (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।
   (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक ना खोलें।**

***Note: English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***



परीक्षा तैयारी

https://parikshataiyari.com/

1. 'जंगम' शब्द का सटीक विलोम है –
(a) स्थिर (b) भयावह (c) स्थूल (d) स्थावर

2. 'समास' शब्द का विलोम है –
(a) संधि (b) व्यास (c) भेदक (d) विभाजन

3. निम्नलिखित में से विलोम शब्दों का अशुद्ध युग्म है –
(a) अधः – उपरि (b) अघी – अनघ (c) अधिकतम – अत्यल्प (d) ईषत् – अलम्

4. 'अवसाद' शब्द का विलोम है –
(a) अनुल्लास (b) उदास (c) अनादर (d) उल्लास

5. 'मसृण' का विलोम है –
(a) रूक्ष (b) रूपाक्ष (c) स्निग्ध (d) मलिन

6. अशुद्ध विलोम युग्म का चयन कीजिए –
(a) कर्कश–मधुर (b) ऐहिक–लौकिक (c) ऋजु–वक्र (d) ऐश्वर्य–अनैश्वर्य

7. 'औरस' का विलोम है –
(a) दत्तक (b) विरस (c) नीरस (d) प्रापक

8. 'प्रत्यक्ष' का सटीक विलोम है –
(a) सम्मुख (b) प्रतिमुख (c) मुखामुखम (d) परोक्ष

9. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म विपरीतार्थक नहीं है?
(a) कठिन–सरल (b) तरल–ठोस (c) कोमल–मृदुल (d) कर्कश–मधुर

10. 'मूक' का विलोम शब्द है –
(a) मृदु स्वर (b) वाचाल (c) कटुभाषी (d) बधिर

11. वर्तनी के अनुसार शुद्ध शब्द का चयन कीजिए –
(a) वधू (b) कूआँ (c) अकार (d) अतिथी

12. निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध शब्द है –
(a) महात्म्य (b) माहात्म्य (c) महात्म (d) माहातम्य

13. निम्नांकित वाक्यों में एक वाक्य अशुद्ध है, उसे पहचानिए –
(a) सब्जी मँहगी है। (b) मोहन पौधे सींच रहा है।
(c) गीता ने पत्र लिखा। (d) उपरोक्त पंक्ति अच्छी नहीं है।

14. 'व्याकरण का ज्ञान रखने वाले व्यक्ति' के लिए प्रयुक्त होने वाले शब्द की शुद्ध वर्तनी है –
(a) वय्याकरण (b) व्याकरणी (c) वैयाकरण (d) व्याकरणज्ञ

15. निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) अक्षोहिणी (b) अक्षौहिणी (c) अच्छौहिणी (d) अक्क्षौहिणी

16. 'उच्छिष्ट' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है –
(a) अनुच्छिष्ट (b) अभुक्त (c) अखाद्य (d) अभक्ष

17. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) अनग्रहीत (b) अनग्रहित (c) अनुगृहीत (d) अनुग्रहीत

18. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए कूट के अनुसार उत्तर दीजिए –
(A) संजीव ने मिठाई और पापड़ खाए।
(B) सीतांशु ने दूध और रोटी खिलाई।
(C) श्याम ने बैल और घोड़ा मोल लिए।
(D) तुमने रुपये दिया।

कूट –
(a) A और B शुद्ध वाक्य हैं (b) C और D शुद्ध वाक्य हैं
(c) केवल A और C शुद्ध वाक्य हैं (d) A, B, C शुद्ध और D अशुद्ध वाक्य है

परीक्षा तैयारी



https://parikshataiyari.com/

19. 'आपको चाहिए था कि आप रोगी को देख आएं' – इस अशुद्ध वाक्य का शुद्ध रूप होगा –
(a) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देखने जाएं।
(b) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देखने जाएंगे।
(c) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देख आते।
(d) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देखने गए थे।

20. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है –
(a) व्यवसाय के लिए मुझे आपकी सहायता उपेक्षित है।
(b) महारानी लक्ष्मीबाई महाराज गंगाधर राव की महिषी थीं।
(c) कुछ लोग मिष्टान्न के प्रिय होते हैं।
(d) वे ग्राम जनता को जगाने के लिए प्रयासरत हैं।

21. 'स्वेद से उत्पन्न होने वाला' के लिए एक शब्द है –
(a) स्वेदज (b) अण्डज (c) उष्मज (d) द्विज

22. 'परित्यक्ता' शब्द का प्रयोग होता है –
(a) उस स्त्री के लिए जिसका पति मर गया हो।
(b) उस स्त्री के लिए जिसके पुत्र–पति हों।
(c) उस स्त्री के लिए जो पति के द्वारा छोड़ दी गई हो।
(d) उस स्त्री के लिए जो पर पुरुष से प्रेम करती हो।

23. 'बाएँ हाथ से तीर चलाने वाला' के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द होता है –
(a) वामहस्ती (b) वामशर (c) धनुउदग्र (d) सव्यसाची

24. 'नित्य दीन दुखियों को भोजन देने की व्यवस्था' के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द होता है –
(a) सदावर्त (b) प्रसादी (c) नित्य भोजनम् (d) आहार–व्यवस्था

25. बरसात बिल्कुल न होने को अभिव्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होने वाला उपयुक्त एक शब्द होता है –
(a) अकाल (b) अनावृष्टि (c) अनुवृष्टि (d) अल्पवृष्टि

26. 'युद्ध लड़ने की उत्सुकता' के भाव को अभिव्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द होता है –
(a) जिज्ञासु (b) उत्कंठी (c) युद्धोन्मुख (d) युयुत्सा

27. 'जिसे कभी बुढ़ापा न आए' के लिए प्रयुक्त होने वाला उपयुक्त शब्द होगा –
(a) अमर (b) अवृद्ध (c) अजर (d) अविनाशी

28. 'जो किसी कार्य के सम्पादन में मनोयोगपूर्वक लगा हुआ हो' इस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द है –
(a) दत्तचित्त (b) दत्तावधान (c) स्थितिप्रज्ञ (d) दत्तात्मा

29. 'अप्रत्याशित' शब्द के लिए कौन–सा वाक्य उपयुक्त है?
(a) जिसकी आशा की गई हो।
(b) जिसकी आशा न की गई हो।
(c) जो अवश्य होने वाला हो।
(d) जिसकी संभावना हो।

30. 'जो युद्ध में स्थिर रहता है' के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द है –
(a) युद्धाभ्यासी (b) युद्धस्थिर (c) युद्धष्ठिर (d) युधिष्ठिर

31. 'हरीतकी' का तद्भव शब्द है –
(a) हरा (b) हरड़ (c) हरियाली (d) हार

32. निम्नलिखित में से कौनसा 'तत्सम–तद्भव' युग्म त्रुटिपूर्ण है?
(a) कर्कट – केकड़ा
(b) जगज्जाल – जंजाल
(c) पिप्पल – पीपल
(d) फुल्ल – फुड़िया

33. 'भीतर' शब्द का तत्सम है –
(a) अभ्यन्तर (b) अभिरंग (c) बहिरंग (d) अन्तरंग

34. 'क्वाथ' शब्द का तद्भव है –
(a) काच (b) काँटा (c) काढ़ा (d) काठ


https://parikshataiyari.com/

35. 'मक्षिका' किसका तत्सम शब्द है?

(a) मक्खी (b) मछली (c) मच्छर (d) मिट्टी

36. निम्नलिखित दोनों कथनों पर ध्यानपूर्वक विचार करते हुए सही कूट को पहचानिए –

A. संस्कृत और प्राकृत से विकृत होकर हिन्दी में आने वाले शब्द तद्भव कहलाते हैं।

B. तद्भव शब्द संस्कृत से उत्पन्न हैं।

कूट –

(a) A सही, B गलत (b) A गलत, B सही (c) A और B दोनों गलत (d) A और B दोनों सही

37. 'नारियल' शब्द का तत्सम होगा –

(a) कठोर (b) नवनीत (c) नारिकेल (d) निर्वहण

38. नीचे दिए गए विकल्पों में तत्सम शब्द चुनिए –

(a) गयन्द (b) सकल (c) मयंक (d) सगुन

39. सूची–I (तद्भव शब्दों) को सूची–II (तत्सम शब्दों) के साथ सुमेलित करते हुए सही कूट चुनिए –

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (A) पत्थर | (i) प्रस्तर |
| (B) भौजाई | (ii) धूम |
| (C) सुहाग | (iii) भ्रातृजाया |
| (D) धुआँ | (iv) सौभाग्य |
| | (v) सधवा |

कूट –

(a) (A)-i, (B)-ii, (C)-iii, (D)-iv (b) (A)-v, (B)-ii, (C)-iii, (D)-iv

(c) (A)-iii, (B)-ii, (C)-i, (D)-v (d) (A)-i, (B)-iii, (C)-iv, (D)-ii

40. निम्नलिखित में से तत्सम – तद्भव का कौन–सा युग्म त्रुटिपूर्ण है?

(a) वचन – बैन (b) कपाट – कपड़ा (c) पुराण – पुराना (d) गंभीर – गहरा

41. विशेषण के द्वारा जिस संज्ञा की व्याप्ति निर्धारित होती है, उसे कहते हैं –

(a) विशेषण (b) क्रिया–विशेषण (c) विशेष्य (d) अव्यय

42. 'दृश्य मनोरम था' – इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण है –

(a) गुणवाचक विशेषण (b) भाववाचक विशेषण (c) संख्यावाचक विशेषण (d) निर्देशक विशेषण

43. विशेषण के संदर्भ में निम्नलिखित में से अशुद्ध कथन है –

(a) यह संज्ञा की विशेषता बताता है। (b) यह सर्वनाम की विशेषता बताता है।

(c) यह संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित करता है। (d) यह संज्ञा के लिंगानुसार सदैव परिवर्तित होता है।

44. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प चुनिए –

| सूची–I (विशेषण) | सूची–II (विशेष्य) |
|---|---|
| (A) ऐतिहासिक | (1) महिलाएँ |
| (B) विदुषी | (2) कथा |
| (C) महती | (3) घटना |
| (D) रोचक | (4) पुस्तक |

कूट –

(a) (A) - 1, (B) - 2, (C) - 4, (D) - 3 (b) (A) - 3, (B) - 1, (C) - 2, (D) - 4

(c) (A) - 3, (B) - 2, (C) - 1, (D) - 4 (d) (A) - 1, (B) - 2, (C) - 3, (D) - 4

45. 'खूबसूरत और काला ईरानी घोड़ा मैदान में दौड़ रहा है' – इस वाक्य में हैं –

(a) तीन विशेषण, एक विशेष्य (b) दो विशेषण, एक विशेष्य

(c) दो विशेषण, दो विशेष्य (d) तीन विशेषण, दो विशेष्य



343771113
https://parikshataiyari.com/

46. 'विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द' कहलाते हैं –
(a) विशिष्ट विशेषण (b) पद–विशेषण (c) प्रविशेषण (d) प्रति विशेषण

47. निम्नलिखित में से आवृत्तिवाचक विशेषण नहीं है –
(a) दूना (b) तिगुना (c) चौगुना (d) सब–कुछ

48. 'वह खम्भा गिर जाएगा' – इस पंक्ति में कौन–सा विशेषण है?
(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

49. 'सन्देह' का विशेषण होगा –
(a) संदिग्ध (b) शक (c) शंकालु (d) सन्देहास्पद

50. 'प्रतिबिम्बित' में विशेष्य होगा –
(a) बिम्ब (b) प्रतिबिम्ब (c) प्रत्येक बिम्ब (d) बिम्बित

51. निम्नलिखित में से 'अवनि' का सही पर्यायवाची शब्द है –
(a) अम्बर (b) उदधि (c) अचला (d) अचल

52. 'कामदेव' का पर्यायवाची है –
(a) जनार्दन (b) पुरन्दर (c) भूतेश (d) पुष्पधन्वा

53. 'सूर्यसुता' पर्यायवाची है –
(a) गंगा का (b) यमुना का (c) कावेरी का (d) नर्मदा का

54. 'द्रौपदी' का पर्यायवाची नहीं है –
(a) पांचाल (b) याज्ञसेनी (c) सैरन्ध्री (d) कृष्णा

55. 'प्रशंसा' का पर्यायवाची है –
(a) कुम्भिल (b) अमर्ष (c) कृशानु (d) श्लाघा

56. निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| | सूची–I (शब्द) | | सूची–II (पर्याय) |
|---|---|---|---|
| (a) | आँख | – | लोचन |
| (b) | इंद्र | – | पुरंदर |
| (c) | गंगा | – | मृगांक |
| (d) | खर | – | गर्दभ |

57. 'घोटक' का सटीक पर्यायवाची है –
(a) अश्व (b) शम्बूक (c) अनलस (d) श्वेतद्युति

58. 'विद्युत' का पर्यायवाची है –
(a) शर्वरी (b) तनया (c) रमणी (d) दामिनी

59. 'अहि' का पर्यायवाची है –
(a) पृथ्वी (b) सर्प (c) कान (d) मुख

60. 'रात्रि' का पर्यायवाची है –
(a) सौदामिनी (b) क्षणप्रभा (c) शर्वरी (d) चपला

--------------------

3437113
परीक्षा तैयारी



https://parikshataiyari.com/